**4/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई है। राज्यसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और वर्तमान सांसद शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। शिबू सोरेन का आज सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। वहीं, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बाधित रही।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर स्थित स्टेट बैंक्वेट हॉल में मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कहा कि शासन में वास्तविक और स्थायी बदलाव नीतिगत फाइलों या आधिकारिक ज्ञापनों से नहीं, बल्कि भरती प्रक्रिया से शुरू होता है, खासकर सरकारी अधिकारी खुद को कैसे प्रस्तुत करते हैं और सार्वजनिक कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की मानसिकता को बदलना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाँच दिवसीय क्षमता निर्माण पहल न केवल नए कौशल विकसित करने पर केंद्रित होगी, बल्कि सरकारी कर्मचारियों को दिनचर्या से आगे बढ़ने, सहानुभूति के साथ कार्य करने, विनम्रता से सेवा प्रदान करने और रचनात्मकता के साथ समाधान करने के लिए प्रेरित करने की एक परिवर्तनकारी यात्रा होगी।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने पंचायत उन्नति सूचकांक के महत्व पर प्रकाश डाला, जो ग्राम पंचायत स्तर पर विकास का आकलन करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत एक वैज्ञानिक और आँकड़ों पर आधारित ढाँचा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह सूचकांक निचले स्तर की योजना बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करने और प्रमुख ग्रामीण विकास संकेतकों पर प्रगति में मदद मिलती है। इस अवसर पर, श्री खांडू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों को "PAI 1.0 पुरस्कार" भी प्रदान किए।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल, "परीक्षा पे चर्चा" को "एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे ज़्यादा लोगों के पंजीकरण" के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह मान्यता MyGov प्लेटफ़ॉर्म पर आयोजित कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान तीन करोड़ तिरेपन लाख पंजीकरणों के साथ हासिल की गई उपलब्धि का प्रमाण है।

0000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम IMC के मेयर तामे फ़ासांग ने कल वर्ल्ड मिशन सोसाइटी चर्च ऑफ गॉड के अंतर्गत एक अंतरराष्ट्रीय छात्र स्वयंसेवी समूह, सेव द अर्थ फ़्रोंम A-Z (ASEZ) द्वारा संचालित एक बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह अभियान आईजी

पार्क से लेकर सिविल सेक्रेटेरिएट गेट तक चलाया गया। अभियान को संबोधित करते हुए, मेयर ने इस पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों और दक्षिण कोरिया के छात्र स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

0000000000000000000000

दापोरिजो पुलिस ने कल एक बड़ी सफलता के तहत, पिछले अगस्त 2017 को एक 15 वर्षीय लड़की के कथित बलात्कार और हत्या के मामले में एक फरार अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। अपर सुबनसिरी एसपी ने बताया कि विभिन्न स्रोतों से मिली महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में कथित आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पर ज़मानत मिलने के बाद से आरोपी पिछले आठ सालों से लॉ एंफ़ॉर्सिंग अथॉरिटी से बच रहा था और दापोरिजो से गायब हो गया था। इस बीच, एसपी ने घर मालिकों से अपील की है कि वे अपने किरायेदारों को कमरा किराए पर देने से पहले उनका वेरिफ़िकेशन जरूर कर लें।

0000000000000000000000

जैविक बागवानी पद्धतियों को बढ़ावा देना और स्थानीय किसानों को उत्पादकता एवं आय बढ़ाने के लिए आवश्यक इनपुट से लैस करने कि दिश में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत, आज तवांग के दुइतोंगखार सर्कल में बागवानी जागरूकता एवं इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल एकीकृत बागवानी विकास मिशन का एक हिस्सा थी, जो एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 3 जिलों ईस्ट कामेंग, पापुम पारे और कुरुंग कुमे के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही 13 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घटों में अलग अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के गुम्पे रिमे को आगामी एशिया फुटबॉल कप अंडर-23 क्वालीफायर के लिए भारत की अंडर-23 राष्ट्रीय टीम का गोलकीपिंग कोच नियुक्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिमे की नियुक्ति की सराहना की।

0000000000000000000000

भारत ने आज लंदन के ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के अंतिम क्रिकेट टेस्ट में मेजबान इंग्लैंड को छह रनों से हराया।

0000000000000000000000